सुविचार

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-12 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## महिला क्रूरता के अपराध परिवाद किस न्यायलय दायरकर सकती है, पढ़िए सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण जजमेंट/legal advice

भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 85 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 498 (क) विवाहित या लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिलाओं की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण हथियार दिया गया है। अगर कोई पुरुष किसी महिला के साथ क्रूरता करता है तो उसे अधिकतम तीन वर्ष की कारावास हो सकती है कभी-कभी पुलिस इस इस मामले की एफआईआर नहीं करते है तब पीड़ित महिला प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास इसकी शिकायत कर सकती हैं लेकिन सबाल यह है कि किस क्षेत्र के न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास इसकी शिकायत करे जानिए इसका महत्वपूर्ण जवाब।

**रूपाली देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (निर्णय वर्ष 2019)-**

उपरोक्त मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया है कि जिस स्थान पर पत्नी अपने पति या उसके नातेदार द्वारा क्रूरता का शिकार होकर अपना वैवाहिक घर छोड़कर या भाग कर शरण लेती हैं उस स्थान के न्यायालय में भी महिला भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498(ए) के अपराध का परिवाद दर्ज करने का अधिकार होगा। विजय रतन शर्मा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य वाद- इस मामले मे उच्च न्यायालय ने विनिश्चित किया कि जहां पति ने या उसके नातेदारों ने पत्नी के साथ क्रूरता करके उसे मायके वापस भेज दिया हो और क्रूरता तथा प्रताड़ना के परिणामस्वरूप मानसिक अशांति के कारण वह गभीर रूप से बीमार हो गई हो तो उसके मायके के स्थान के मजिस्ट्रेट को पीडित पत्नी के पति के विरुद्ध IPC की धारा 498 के अपराध का संज्ञान करने की अधिकारिता है। स्थानीय मजिस्ट्रेट आरोपी के विरुद्ध IPC की धारा 498 के अधीन क्रूरता के अपराध के लिए तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 181(4) के अंतर्गत दाण्डिक कार्यवाही कर सकता है। कुलमिलाकर दोनों निर्णय की अगर बात करे तो महिला जहा जाकर निवास करती है चाहे वह किराये से भी क्यूँ न रह रही हो किसी भी क्षेत्र मे वहीं के मजिस्ट्रेट के पास परिवाद दायर कर सकती है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

# मुरैना में पीएम मोदी ने कहा विकास विरोधी कांग्रेस देश की बड़ी समस्या है

**मुरैना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुरैना में कहा कि मुरैना में पीएम मोदी ने कहा विकास विरोधी कांग्रेस देश की बडी समस?या है। इसलिए इसे दूर करना हैमुरैना में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुरैना ने हमेशा उन्हीं का साथ दिया है जिनके लिए राष्ट प्रथम है। आपका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं, मुरैना आज भी अपने संकल्प से डिगा है और न कभी डिगेगा। मुरैना ने मन बना लिया है। फिर एक बार मोदी सरकार। एमपी के लोग जानते हैं। कांग्रेस पर तंज कसते हुए पीएम ने कहा एमपी के लोग जानते हैं. कि समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो उससे दूर ही रहते हैं। चंबल के लोग कांग्रेस का दौर कैसे भूल सकते हैं... खराब कानून व्यवस्था बना दी थी। कांग्रेस ने एमपी को बीमारू राज्य की श्रेणी में शामिल कर दिया था। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार में.. चंबल.. पार्वती.. कालीसिंध नदी परियोजना से पानी समाप्त कर दिया... ग्वालियर श्योपुर रेलवे ट्रैक... ग्वालियर को मजबूत किया गया है। भाजपा के लिए देश एवं कांग्रेस के अपना परिवार ही सबकुछ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर पहुंच गए हैं। अब वे हेलीकाप्टर से मुरैना के लिए रवाना होंगे। मुरैना में मोदी भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुरैना में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए आने वाले हैं। उनके आगमन से पहले ही ब्लैक कमोंडों ने मोर्चा संभाल लिया है। बहुमंजिला इमारतों पर चिलचिलाती धूप में ब्लैक कमांडो पहरा दे रहे हैं और हर बारीक से बारीक गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। इसके साथ ही सभा में जो लोग जा रहे हैं, उनकी चैकिंग भी गहनता से की जा रही है। यहां तक



कि उनकी जांच स्कैनर से की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन?द्र मोदी आज मुरैना आ रहे हैं। वीआइपी रोड स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाली चुनावी सभा को मोदी संबोधित करेंगे। इस सभा में मुरैना के अलावा ग्वालियर, भिंड, दतिया और श्योपुर जिले तक से हजारों लोग आएंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा एवं सभा में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए मुरैना पुलिस ने आज गुरुवार को शहर में वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिले के अन्य क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के मार्ग डायवर्ट कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी किए गए निर्देशों के तहत गुरुवार को शहर में ट्रक, बस, ट्रैक्टर-ट्राली, मिनी लोडिंग के अलावा सभी प्रकार के लोडिंग प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। एमएस रोड पर सुबह 7 से अपरान्ह 4 बजे तक ई-रिक्शा नहीं चलेंगे।

### वीआईपी रोड से जुड़े कालोनी-मोहल्लों के रास्ते बंद

प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम इतने सख्त हैं, कि वीआइपी रोड पर लोगों के आवागन को बुधवार से ही बंद कर दिया गया है। वीआईपी रोड से संजय कालोनी, आमपुरा क्षेत्र, वनखंडी रोड सहित दर्जनों कालोनी-मोहल्लों के रास्ते जुड़े हैं। ऐसे हर रास्ते को बेरीकेट्स लगाकर बुधवार से ही बंद कर दिया गया है। वीआईपी रोड के दोनों किनारों पर हैलीपेड से लेकर सभा स्थल तक बेरीकेट्स की दीवार खड़ी कर दी गई है, इस कारण सड़क किनारे की दुकानें दो दिन से बंद हैं।

### सभा स्थल पर पानी की बोतल, माचिस, बैग पर प्रतिबंध

प्रधानमंत्री मोदी की सभा में जाने वाले लोगों के लिए भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। इनमें कहा गया है, कि सभा स्थल पर माचिस, पानी की बोतल, बैग, किसी भी प्रकार की धारदार बस्तु, ज्वलनीश पदार्थ या आपत्तिजनक सामग्री नहीं ले जा सकते। सभा में आने वाले हर व्यक्ति को मेटल डिटेक्टर जांच से गुजरना होगा।

## महिला की जासूसी करना कब अपराध होता है जानिए/IPC, BNS...

किसी महिला का पीछा करना, इन्टरनेट पर नजर रखना आदि भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354घ के अंतर्गत अपराध होता है द्व लेकिन महिला का पीछा करने के उद्देश्य कोई आपराधिक सोच का होना अति-आवश्यक है बेसिक पीछा करना अपराध नहीं होगा।

### इसके निम्न अपवाद भी है जानिए।

1. ऐसा कार्य जो किसी अपराध निवारण या पता लगाने के प्रयोजन से किया गया है अपराध नहीं होगा।

2. किसी विधि के अधीन किसी शर्त या अपेक्षा अनुसार किया गया पीछा या जासूसी अपराध नहीं होगी।

3. किसी विशिष्ट परिस्थितियों में न्यायोचित आचरण के लिए की गई जासूसी या पीछा करना अपराध नहीं होगा।

### जासूसी करना कब अपराध होगा जानिए

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354घ (iii) एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 77(iii) की परिभाषा ??



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

किसी स्त्री को ऐसी किसी तरह देखना या उसकी जासूसी करना जिससे उसके मन मे गंभीर भय,डर, हिंसा जैसी भावना उत्पन्न हो तब ऐसे व्यक्ति पर IPC की धारा 354घ(iii) एवं BNS की धारा 77(iii) के अंतर्गत मामला दर्ज होगा।

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354घ(iii) एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 77 (iii) के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान ??

1. इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं, इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है।

**सजा-** इस अपराध के लिए तीन वर्ष की कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

2. लेकिन अगर कोई व्यक्ति दुबारा यही अपराध करता एक बार दोषसिद्ध के बाद तब यह अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होगा एवं सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा होगी, सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम पाँच वर्ष की कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया जाएगा।

अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ने लगभग तय

# क्या रायबरेली से प्रियंका वाड्रा को मिलेगा टिकट



### क्या अयोध्या आकर रामलला के दर्शन करेंगे भाई-बहन

**एजेंसी, अमेठी।** उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से राहुल गांधी का चुनाव लड़ने लगभग तय होने के बाद रायबरेली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सवाल यही है कि क्या कांग्रेस यहां से प्रियंका वाड्रा को टिकट देगी? इस तरह अमेठी में एक बार फिर स्मृति ईरानी और राहुल गांधी के बीच मुकाबला तय माना जा रहा है। स्मृति ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के हरा दिया था। कांग्रेस को पहले ही इसके संकेत मिल गए थे, इसलिए राहुल गांधी के लिए दूसरी सुरक्षित सीट वायनाड तलाशी गई थी। अब तक सोनिया गांधी रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। इस बार सोनिया ने राज्यसभा जाने का फैसला कर लिया। अब सवाल यही है कि क्या गांधी परिवार के सदस्य के रूप में प्रियंका वाड्रा को यहां उतारा जाएगा कि किसी गैर गांधी को टिकट मिलेगा। कांग्रेस ने संकेत दिया कि यदि दोनों नेता चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं, तो बैक-टू-बैक नामांकन की संभावना हो सकती है। 1 मई से 3 मई के बीच दोनों का नामांकन हो सकता है। दोनों सीटों पर 3 मई नामांकन का आखिरी दिन है।

### अयोध्या जाकर राम लला के दर्शन कर सकते हैं राहुल-प्रियंका

इस बीच, चर्चा यह भी है कि अमेठी और रायबरेली में चुनाव प्रचार करने के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा अयोध्या जाकर राम लला के दर्शन कर सकते हैं। ऐसा होता है तो यह बड़ी खबर होगी, क्योंकि आज तक गांधी परिवार के किसी सदस्य ने राम लला के दर्शन नहीं किए हैं।

## कोर्ट में जज पर फेंका था जूता, आरोपित को 7 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**आगर मालवा।** न्यायालय में न्यायाधीश पर जूता फेंकने के मामले में आरोपित नितिन अटल को मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की बार्डर से पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को जबलपुर न्यायालय में पेश किया गया। हाई कोर्ट जबलपुर ने आरोपित को सात दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है हाईकोर्ट के आदेश के पालन में पुलिस ने आरोपित अटल को सीजेएम कोर्ट में पेश किया था।



डेंगू और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की बात कही थी

### होगी मेडिकल जांच

जबलपुर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के संबंध में जानकारी देते हुए अधिवक्ताओं ने बताया कि आरोपित अटल का इस दौरान मेडिकल चेकअप भी होगा क्योंकि उसने पूर्व में गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। यह भी पता चला है कि आरोपित ने पूर्व में सुनवाई के दौरान

### यह है मामला

22 जनवरी को न्याय के मंदिर में आरोपित नितिन अटल ने न्यायाधीश के दुर्व्यवहार करने के बाद जूता फेंक कर हमला किया था मामले में आगर कोतवाली पुलिस द्वारा अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसके बाद एसपी द्वारा आरोपित की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था।

# जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री से पूछा- किसान, युवा और महिलाओं को दी गारंटी पूरी क्यों नहीं की

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को प्रदेश आगमन पर कांग्रेस ने कई प्रश्न उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उनसे पूछा कि किसान, युवा और महिलाओं को जो गारंटी दी थीं, वे पूरी क्यों नहीं कीं। भाजपा के नेता उन्हें बजरंगबली का अवतार भगवान का वरदान और पता नहीं क्या-क्या कह रहे हैं तो यह भी बताएं कि बेरोजगारी क्यों है, किसानों को उपज का मूल्य क्यों नहीं दे रहे हैं। जनता को इसका जवाब अवश्य दें। मोदी गारंटी को लेकर चुनाव के बाद हम न्यायालय भी जाएंगे। वहीं, राज्य सभा सदस्य विवेक तन्खा ने कहा कि हम नहीं चाहते कि हमारे पड़ोसी देशों की जो स्थिति है, वैसे बने। संवैधानिक स्वतंत्रताओं का हनन हो रहा है। संस्थाएं संकट में हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का भोपाल में रोड शो है। असल में वे शो मैन हैं। सिर्फ दिखते हैं। न किसी से बात करते हैं और न कोई जवाब देते हैं। यह भी नहीं बताते कि युवा, किसान, महिलाओं से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा क्यों नहीं किया। दस वर्ष तक प्रधानमंत्री रहने के बाद उनके भाषणों में मांस, मटन, मुसलमान, ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले, मंगलसूत्र, अरबन नक्सल, माओवादी जैसे शब्दों की भरमार है। इससे साफ है कि उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं है। भ्रष्टाचार को समाप्त करने की बात करते हैं कि उनकी पार्टी इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से प्रदेश के कुछ शराब कारोबारियों से 34 करोड़ रुपये का चंदा लेती है। लोकायुक्त के कई प्रकरण अभियोजन के मामले लंबित हैं और 62 तो वापस ले लिए। मंत्रालय में सीएम स्वेच्छानुदान की फाइलें जला दीं जाती हैं तो क्या प्रधानमंत्री इनकी सीबीआइ से जांच कराएंगे। वहीं, राज्य सभा सदस्य विवेक तन्खा ने कहा कि भाजपा को 400 सीटें संविधान बदलने के लिए चाहिए।



## लोकसभा प्रत्याशी रायसेन जिले में नामांकन पत्र हुआ दर्ज़,लोकसभा प्रतिनिधि शिवराज सिंह चौहान का स्वागत हुआ



**क्षेत्रीय संवाददाता पत्रकार हेमंत शाक्या**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला रायसेन द्वारा जन नेता पूर्व मुख्यमंत्री एंव विदिशा रायसेन लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी श्री शिवराज सिंह चौहान का महामाया चौक रायसेन पर नामांकन रैली के दौरान पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया रायसेन विदिशा संसदीय क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टोरेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया शिवराज सिंह के साथ उनकी पत्नी साधना सिंह और प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव मौजूद रहे जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

## अल-जुबैर मजलिस मस्जिदों और मुअज्जिनों के इमामों का उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया



**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

दुबई के अल वारका क्षेत्र में जुबैर मजलिस ने मस्जिदों और मुअज्जिनों के इमामों को उनके प्रयासों और रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान उनकी बढ़ती भूमिका के लिए सराहना और आभार व्यक्त करने और उनकी गौरवपूर्ण योगदान को सम्मानित करने लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । रात की नमाज़, तरावीह की नमाज़ और दैनिक उपदेश के दौरान उपवास के महीने में समाज और उनका मूर्त प्रभाव उमर अल-जुबैर अल-मरज़ौकी ने देश भर में मस्जिदों और मुअज्जिनों के सभी इमामों को समाज में उनकी उच्च प्रतिष्ठा और उनके ईमानदार प्रयासों के लिए धन्यवाद, प्रशंसा और कृतज्ञता व्यक्त की, और इस विनम्र पहल को उनके प्रति प्रेम और वफादारी का संदेश बताया। उन्होंने आपके स्वैच्छिक योगदान के लिए शुक्रान के निदेशक मंडल के अध्यक्ष डॉ. सैफ अल-रहमान अमीर और एस फाउंडेशन फॉर इवेंट प्लानिंग एंड मैनेजमेंट के कार्यकारी निदेशक डॉ. सारा अहमद अल-दाइफ़ की भागीदारी की भी सराहना की। संयुक्त अरब अमीरात में यूएई-एमपी ओवरसीज काउंसिल के समर्थन के लिए सम्मान पहल और तल्हा बिन आरिफ को सम्मानित किया गया।

## निष्पक्ष तथा शांति पूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराएं निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी नोडल अधिकारियों की बैठक में दिये दिशा निर्देश

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

लोकसभा निर्वाचन - 2024 के तहत भोपाल लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-19 के सामान्य प्रेक्षक सहित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस आयुक्त भोपाल द्वारा जिला निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिये।उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांति पूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराएं।




बैठक में सीईओ जिला पंचायत सहित सभी एडीएम, एसडीएम एवं समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि वे निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत, सुझाव और सहयोग के लिए उपलब्ध है। सामान्य प्रेक्षक ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मतदान केन्द्रों की जानकारी लेते हुए संवेदनशील सामान्य मतदान केन्द्रों में मतदान दलों को पहुंचाने के लिए व्यवस्था की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों से प्रेक्षक को अवगत कराया। सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन संबंधी नोडल अधिकारी जिसमें विडियो निगरानी, विडियो अवलोकन, व्यय अनुवीक्षण, नियंत्रण कक्ष, मतदान सामाग्री वितरण, नोडल अधिकारी ईव्हीएम, एमसीसी, डाकमत पत्र और एमसीएमसी, वेबकास्टिंग, सीवीजील, माईक्रो आर्ब्जवर इत्यादि से जानकारी लेते हुए लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिये।

## ओदरी गांव में फसल को पानी लगा रहे किसान की करंट की चपेट में आने से मौत

**संवाददाता -राजू राय**




शहडोल। पपौंध थाना क्षेत्र के ओदरी गांव में फसल को पानी लगा रहे किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की रामलाल साकेत घर के समीप खेतों में पानी लग रहा था इस दौरान वह बिजली की करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई ।वहीं पास में उसका पुत्र भी खेत में काम कर रहा था अचानक पिता को गिरते देख पुत्र दौड़ पड़ा और पास में जा कर देखा तो रामलाल साकेत के पैर के में बिजली की कटी हुई वायर चिपकी हुई थी। जिससे पुत्र यह समझ गया कि पिता को करंट लगा हुआ है, तत्काल उसने बिजली का कनेक्शन दौड़कर काटा जब तक रामलाल की मौत हो चुकी थी । घटना के बाद पुत्र ने आसपास के लोगों को मामले की जानकारी दी लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई । जानकारी लगने के बाद थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची पंचनामा तैयार कर मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया और अस्पताल पीएम की कार्यवाही के लिए शव को भेजा गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि खेतों में पानी लगा रहे रामलाल करण की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हुई है मामले पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## एन.एस.एस. वालंटियर्स, कॉलेज के विद्यार्थी एवं विभिन्न डांस ग्रुप के सदस्यों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने फ्लैश मॉब आयोजित





**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

शहर के नागरिकों की लोकतंत्र के महापर्व में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में रविवार को भोपाल शहर की 6 मुख्य लोकेशन पर एक साथ एक समय पर मतदाता जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से फ्लैश मॉब का आयोजन किया गया। फ्लैश मॉब में एन.एस.एस. वालंटियर्स, कॉलेज के विद्यार्थी एवं विभिन्न डांस ग्रुप के सदस्य सम्मिलित हुए जिन्होंने फ्लैश मॉब डांस के माध्यम से नागरिकों से मतदान करने की अपील की। फ्लैश मॉब का आयोजन भोपाल की प्रमुख 6 लोकेशन पर आयोजित किया गया, इसमें डी.बी. सिटी मॉल, रोशनपुरा चौराहा, 10न मार्केट, रॉयल मार्केट, बंसल चौराहा, करोंद चौराहा शामिल है। प्रत्येक टीम में 15-20 प्रतिभागी शामिल हुए जिन्होंने लोगो को आकर्षित कर मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील की।

## वारदात को अकेले ही अंजाम देने वाला शातिर चोर गिरफ्तार सोने चांदी के जेवर व मंदिर की दान पेटी समेत 3 लाख रुपए बरामद

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

घटनाक्रम इस प्रकार है 16 मार्च को फरियादी ने थाने आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह परिवार सहित 7 मार्च को अपने भाई के शादी मे को ग्वालियर गया था तथा16 मार्च को अपने परिवार के साथ घर वापस आया तो पाया कि घर के गेट का ताला टुटा हुआ था घर के अंदर का सामान बिखरा पडा था गोदरेज की आलमारी का ताला टुटा हुआ था आलमारी के अंदर पुराने सोने के टाप्स एक सोने की लोंग तथा 3-4 हजार रूपये नगद रखे हुए थे जो कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया है । रिपोर्ट पर अपराध कायम कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई इसी दौरान 18 अप्रेल को एक मुखबीर सूचना मिली कि एक व्यक्ति अंबेडकर नगर पार्क के पास खड़ा है जो सोने के जेवर ओने पौने दाम मे बेचने कि फिराक मे है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर वह छिपने का प्रयास करने लगा तथा भागने की कोशिश करने लगा जिसे



घेराबंदी कर पकडा गया उससे नाम पता पूछने पर अपना नाम उम्र 32 साल गैस राहत कालोनी थाना निशातपुरा का निवासी बताया संदेही के पास मिले जेवर के संबंध मे पूछताछ कि जो सही उत्तर नही दे पाया सख्ती से पूछताछ करने पर उसके द्वारा 16 मार्च को गर्वमेन्ट क्वाटर मे रात्रि के समय चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से और पूछताछ करने पर इसके अलावा अन्य 2 नकबजनी थाना कमला नगर मे मंदिर मे चोरी तथा कुम्हार पुरा जहांगीराबाद मे घर से चोरी करना स्वीकार किया । आरोपी के विरूध्द शहर के विभीन्न थानो मे चोरी मारपीट व अवैध शराब विक्रय के अपराध दर्ज है । पकडे न जाने के डर से वह अकेले वारदात करता था। आरोपी रेकी कर वारदात को अंजाम देता था। तथा बार बार अपना घर बदलता था । उसका थाने मे 5 साल पुराना स्थाई गिरफ्तारी वारंट था। नकबजनी के प्रकरण मे आरोपी की गिरफ्तारी कर सोने चांदी के जेवरात व दान पेटी व मंदिर के भगवान के आभूषण जिनकी कीमत 3 लाख रूपये बरामद किये है । आरोपी को गिरफ्तार कर 3 नकबजनी के प्रकरण का सामान बरामद कर न्यायालय पेश किया गया । आरोपी से अन्य नकबजनी के संबंध मे पुछताछ की जा रही है ।

# शिक्षा की नामी दुकानों पर कार्रवाई की गाज, स्कूल संचालकों में मच गया हड़कंप, कलेक्टर को साधुवाद दे रहे शहरवासी

संवाददाता -राजू राय



शहडोल। निजी स्कूलों की मनमानी, पुस्तकों से लेकर गणवेश तक की बाध्यता के मामले में बुधवार को कलेक्टर तरुण भटनागर के दिशा निर्देशन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नामी गिरामी स्कूल संचालकों को नोटिस थमा दिया है। नोटिस जारी होने के बाद स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है। अब वह इस पेशोपेश में फंस गए हैं कि अब वे अपनी मनमर्जी चलाने का कौन सा जवाब जिम्मेदार अफसर को देंगे। बहरहाल इस कार्यवाही से विद्यार्थियों के अभिभावकों नें राहत की साथ ली है और वे कलेक्टर का साधुवाद करते नहीं थक रहे हैं।जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची ने बताया की अशासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल , अशासकीय शांति मेमोरियल स्कूल शहडोल, अशासकीय भारतीयम पब्लिक स्कूल ब्यौहारी, अशासकीय क्रिस्ता ज्योति उ.मा.वि. ब्यौहारी (सी.बी.एस.ई), अशासकीय भारतमाता उ.मा.वि. शहडोल, अशासकीय गुड शेफर्ड कॉन्वेंट स्कूल शहडोल (सी.बी.एस.ई), अशासकीय ज्ञान निकेतन स्कूल बुढ़ार, अशासकीय विद्यासागर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल बुढ़ार। अशासकीय, एम.जी.एम. स्कूल गोपालपुर बुढ़ार,अशासकीय एम.जी.एम. स्कूल धनपुरी (सी.बी.एस.ई), अशासकीय ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढ़ार, अशासकीय स्प्रिंग बैली स्कूल धनपुरी, अशासकीय मिलेनियम ड्रीम इंटरनेशनल स्कूल ब्यौहारी, अशासकीय सतगुरू पब्लिक स्कूल शहडोल, अशासकीय विवेक पब्लिक स्कूल शहडोल, अशासकीय सत्यसाँई इंग्लिश मीडियम स्कूल शहडोल के संचालको को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा 07 दिवस के अंदर अपना प्रति उत्तर प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है। जारी कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि निजी स्कूलों द्वारा पाठ्य पुस्तकों, यूनिफार्म एवं शैक्षणिक सामग्री के क्रय हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाए जाने के संबंध में उक्त आशय की शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर जिला शहडोल द्वारा निजी विद्यालयों के निरीक्षण हेतु विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया। विकासखण्ड स्तरीय समिति द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन कलेक्टर जिला शहडोल की अध्यक्षता में गठित जिला समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन का जिला समिति द्वारा परीक्षण किया गया। विकासखण्ड स्तरीय समिति द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर विद्यालयों में म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के वर्ष 2015 में जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों एवं म.प्र. निजी विद्यालय अधिनियम 2020 में वर्णित नियमो, निर्देशो, उपबंधों का पालन नहीं किया गया है एवं कमियां पाई गई है।

# भारतीय तिरंगे पर अशोक चक्र को जगह देने का श्रेय डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को : चंदेल

भारत का संविधान खतरे में



बाबा साहेब अंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक थे आज भारतीय संविधान खतरे में है हमें संविधान का संरक्षण करने के लिए आगे आना होगा यह बात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यवाहक अध्यक्ष भानु दीक्षित ने बुढार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रविवार को शहडोल जिले के विलासा इंटरनेशनल होटल बूढ़ा में आयोजित बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती में व्यक्त किए। कांग्रेस नेता भानू दीक्षित ने अंबेडकर जयंती को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान तथा राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब अंबेडकर की योगदान पर रोशनी डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान की रचना को 2 वर्ष 11 महीने और 17 दिन के कठिन परिश्रम से तैयार कर 26 जनवरी 1949 को तत्कालीन राष्टपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को सौंप कर देश के समस्त नागरिकों को राष्टीय एकता अखंडता और व्यक्ति की गरिमा की जीवन पद्धति से भारतीय संस्कृति को अभिभूत किया ऐसे महापुरुष को मेरा नमन है। सर्वप्रथम महामना भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर की गई। अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन दर्शन पर रोशनी डालते हुए कहा कि बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर समानता के पक्षधर थे । और भारतीय तिरंगे पर ÷अशोक चक्र÷ को जगह देने का श्रेय डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को कांग्रेस नेता प्रवीण सिंह ने बाबा साहब अंबेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा बाबा साहब अंबेडकर ने श्रम कल्याण नीति में उनका बहुत बड़ा योगदान था उन्होंने सन 1946 में प्रतिवर्ष मजदूरों के मुद्दों पर प्रधानमंत्री की उपस्थिति में चर्चा करने का मार्गदर्शन किया और निराकरण के मार्ग पर प्रशस्त किया बाबा साहब अंबेडकर का योगदान अविस्मरणी है प्रवीण सिंह ने कहा कि विगत कई वर्षों से गंगाधर चौधरी बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मानते चले आ रहे हैं और हम सबको एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है वह बधाई के पात्र है । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गंगाधर चौधरी ने भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने एक सफल लोकतंत्र बनाकर देशवासियों को सबसे बड़ी संपत्ति दी। डॉ. बी.आर. आंबेडकर 64 विषयों में मास्टर थे। उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था। साथ ही इनके पास कुल 32 डिग्रियां थीं। इसके अलावा, उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक दुनिया के सभी धर्मों का तुलनात्मक तरीके से अध्ययन किया। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में सिर्फ 2 साल 3 महीने में 8 साल में पढ़ाई पूरी की। ऐसे महामना को मेरा शाह हृदय से शत-शत नमन वह सच्ची श्रद्धांजलि है। नौशेरमा खान रामसिंह ने भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन दर्शन पर रोशनी डालते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी पूरी पढ़ाई करने के बाद जब भारत आए तो उन्होंने छुआ छूत जैसे कैंसर हैजा उच्च नीच की खाइयो को पाठ कर समानता का पाठ पढ़ाया।डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की छायाचित के समक्ष सभी कांग्रेस जनों ने अपनी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गंगाधर चौधरी द्वारा किया गया। अशोक सिंह शरद गुप्ता हनुमान खंडेलवाल राजेश चमाडिया मुबारक मास्टर अरविंद नायक अभिषेक अग्रवाल हर्ष पाठक मोहम्मद फारूक अंसारी अजय सिंह संतोष सिंह सेंगर शोभाराम पटेल प्रशांत जैन लीलाराम जगवानी मो आजाद सनाउल्लाह खान मनोज जैन मो0 नईम खान मोहन बैगा शिवम कुमार चौधरी जयदेश चौधरी विनीत चौधरी दिनेश चौधरी अनमोल शुभम मतलुफ खान इबरार खान नीलम सिंह जानू कुरैशी एवं कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शादी कार्यक्रम में आए युवक की नहाते वक्त बांध में डूबने से मौत, पपौंध थाना क्षेत्र की घटना

संवाददाता -राजू राय



**शहडोल।** पपौंध थाना क्षेत्र के सकंदी बांध में नहाते वक्त दो युवक डूबे एक युवक की मौके पर मौत तो दूसरा गंभीर अस्पताल में चल रहा इलाज। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह सकंदी बांध में पांच युवक नहाने गए थे सभी युवक अपने रिश्तेदारी में एक शादी कार्यक्रम में अलग-अलग स्थान से सकंदी पहुंचे थे, तभी गुरुवार को दोस्तों ने प्लान किया और पास के ही एक बांध में नहाने चले गए नहाते नहाते दो युवक उसमें डूब गए।गहरे पानी में डूबने से करण पिता देवेंद्र सिंह की मौके पर मौत हो गई। तो वहीं प्रिंस सिंह गंभीर घायल हो गया है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि करण पिता देवेंद्र सिंह उम्र 19 वर्ष ग्राम जोगी थाना इंद्रवार जिला उमरिया का रहने वाला है, मृतक अपने मामा के घर शादी कार्यक्रम में आया था, तभी अपने अन्य साथियो के साथ गांव के बांध में नहाते वक्त डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना के समय बांध में गांव के और भी लोग मौजूद थे। नहाते वक्त जब कारण एवं प्रिंस डूब रहे थे तो उसके साथियों ने तेज तेज से चिल्लाना शुरू किया आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण वहां पहुंचे और प्रिंस को तत्काल निकाल लिया गया। कारण गहरे पानी में डूब गया था जिसे निकालने में ग्रामीणों को समय लग गया जिससे उसकी मौत हो गई है।तो वहीं प्रिंस गंभीर घायल है मामले की जानकारी हंड्रेड डायल को दी गई सूचना के बाद पहुंची पुलिस की डायल हंड्रेड ने प्रिंस सिंह को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार शुरू हो गया है।

# ज्ञान निकेतन स्कूल का परीक्षा फल सराहनीय रहा, अतुल आयुष बुलबुल जैन ने विद्यालय का नाम किया रोशन

कैलाश कुमार - सह संपादक



शहडोल । शहडोल जिले के बुढार ज्ञान निकेतन हायर सेकेंडरी विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। यहां के तीन विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपने संस्था का नाम जिले में रोशन किया। जिसमें अतुल यादव ने विज्ञान संकाय में 500 पूर्णांक में 446 नंबर अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया । अतुल यादव ग्राम हड़ही महेश यादव के सुपुत्र है। इसी तरह आयुष पांडे ने 500 पूर्णांक में 427 नंबर प्राप्त कर प्रथम रहे यह अशोक कुमार पांडे के पुत्र शिक्षक प्रेम कुमार पांडे के भतीजे हैं जो यही पढ़कर उत्कृष्ट परिणाम लाए। बुढार निवासी बुलबुल जैन ने 500 पूर्णांक में 424 नंबर प्राप्त कर प्रथम रही बुलबुल जैन जयकुमार जैन की पुत्री हैं। विद्यालय परिवार ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जैद अंसारी का सुयश -



# डॉक्टर बनकर सेवा करना चाहता हूं

**कैलाश कुमार – सह संपादक**

शहडोल। जिले के बुढार नगर के विद्यासागर इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र जैद अंसारी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल मध्यप्रदेश की बारहवीं (10+2) परीक्षाफल मे सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ 500में 425 नंबर प्राप्त कर 85त्न अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। जैद अंसारी शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ एम. हुसैन के अनुज मोहम्मद ईशा अंसारी के सुपुत्र हैं। जैद अंसारी अधिवक्ता मोहम्मद हारून अंसारी के छोटे भाई हैं। जैद अंसारी ने बताया कि मेरी सफलता का श्री परिवारजन एवं गुरुजन को जाता है जिन्होंने मुझे निरंतर पढ़ाई लिखाई करने का मार्गदर्शन करते रहे। जैद अंसारी ने बताया कि मैं मेडिकल फील्ड वर्क करना चाहता हूं डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहता हूं। जैद अंसारी की इस सफलता के लिए विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर की जय जय कार की गूंज रही

## •क्येन यच 43 पकारिया मार्ग मे हुई महावीर विक्रम बजरंगी की प्राण प्रतिष्ठा नायरा पेट्रोल पंप का उद्घघाटन के साथ





**कैलाश कुमार - सह संपादक**

**शहडोल।** राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव शहडोल जिले के बुढार नगर के हनुमान मंदिरों में मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ मनाई गई। प्रातः 7~00 बजे से पवनसुत के दरबार में श्रद्धालुओं का रेरा लगा रहा जो रात तक चलता रहा। जयंती के उपलक्ष में मंदिरों की रोशनी की गई। श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर नारायण सरोवर प्रांगण में राम भक्त हनुमान जी की जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई। हनुमान जयंती के उपलक्ष में संगीतमय श्री अखंड मानस पाठ संगीतमय सुंदरकांड तत्पश्चात पुरोहित राम लखन गौतम रुकमणी प्रसाद राम जी शास्त्री प्रदीप शर्मा सतीश मिश्रा के द्वारा विधिवतहनुमान जी का पूजन अभिषेक कराया गया । तत्पश्चात दोपहर 1~00 से भंडारे का आयोजन किया गया सायं 7~00 बजे से गाजे-बाजे डीजे के साथ मारुति नंदन की आकर्षक डेकोरेशन के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसका दर्शन करने घरों से हनुमान भक्तों ने आरती की और अपना जीवन धन्य किया।

पंडित संतोष दिक्षित पदम सिंघानिया श्रीमती शालिनीसराओगी अनिल सिंह चंदेल संजू गुप्ता पुष्पेंद् ताम्रकार अमर सिंघानिया अजय सिंघानिया मकरेंद्र गुप्ता नमन ताम्रकार संतु मंगलानी रामचंद्र यस मालानी अमित मंगलानी सच्चानंद दानवानी अजय रामकृपाल गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रद्धालु का मजमा मंदिर में लगा रहा । यन याच न 43 पकरियाा मार्ग हुई हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा = राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पकरिया मार्ग नैयरा पेट्रोल पंप बुढार के सामने राम भक्त्त् हनुमान जी की विशाल प्रतिमाा का प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ मंगलवार को हुई । पुरोहित ध्रुव त्रिपाठी एवं उनके साथियों ने पूजन एवं अभिषेक कराया। हनुमान जी की प्रतिमा पर बलमीत सिंह खनूजा चिंटू ईश्वर सिंह हरनेक सिंह खनूजा आरती स्वर्ण ज्योति खनूजा ने विशाल माला पहनाकर चरण स्पर्श किया और सुख समृद्धि की प्रार्थना की। जयंती में श्रीमती हिमाद्री सिंह राजकुमार सराओगी भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह किशोरीलाल चतुर्वेदी आरती खंडेलवाल सुमन सिंह अशोक डाश आर के वर्मा पियूष सिंह सुजीत सिंह चंदेल मो फारूक अंसारी सना उल्ला खान अभिषेक अग्रवाल अरविंद नायक प्रदीप सिंह अशोक चतुर्वेदी विजय यादव राजेश चमाडिया विनय सिंह अंजय सिंह बघेल विपिन पांडे विकास अधिकारी अजय गुप्ता दीपू खानचंदानी हिमांशु खंडेलवाल एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी वकील डॉक्टर पत्रकार राजनीतिक दल के पदाधिकारी समाजसेवी गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। नयारा पेट्रोल पंप के संचालक बलमीत सिंह खनूजा चिंटू ने श्रद्धालु जनो का आभार प्रदर्शन किया । ~

यायालय मार्ग संकट मोचन मंदिर में हनुमान जी का जन्मोत्सव विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई , सुंदरकांड तत्पश्चात हवन पूजन अभिषेक उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किए भंडारा दोपहर से देर शाम तक चलता रहा। इसी तरह विद्युत सब स्टेशन में भगवान शंकर के 11वे रुद्र अवतार बजरंगबली जी का जन्मोत्सव मनाया गया। अखंड मानस पाठ हवन पूजन अभिषेक उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया । रीवा मंडली मोतीलाल शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा हनुमान जी के धार्मिक भजन किए। सूर्यभान शुक्ला द्वारा पूजन कराया गया। कमल किशोर जाजू रामायण शुक्ला सुखनंदन सहायक यंत्री सुभाष सेन राज बहादुर सिंह यम एन सिंह रामलाल शर्मा एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। टिकरी टोला वार्ड नंबर 15 में हनुमान जयंती मनाई गई पूजन अर्चन अभिषेक बाद भंडारे का आयोजन किया गया दोपहर 3~00 से बाइक रैली निकाली गई। सार्वजनिक हनुमान लखेरन टोला मैं राम भक्त हनुमान जी का जन्म उत्सव धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारे के साथ मनाई गई। ठाकुर बाबा धाम , अमरकंटक रोड बरम बाबा धाम मैं हनुमान जन्मोत्सव विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम के साथ मनाई गई व भंडारे का आयोजन किया गया। सरजू तलाब हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती मनाई गई।

# MBBS की डिग्री हासिल कर विकास से बने डॉ. विकास टैगोर का किया स्वागत



**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

पिपरिया। 21/4/2024 का दिन टैगोर परिवार व उनके चाहने वालों नाते रिश्तेदारों में खुशी का वातावरण बना था।रात्रि ग्यारह बजे की ट्रेन रीवा से चलकर पिपरिया में रुकते ही मां लता माछीवाल पिता हरिसिंह अहिरवार व सभी साथियों ने मिलकर ढोल बाजे और फूल मालाओं से डॉ विकास का स्वागत करते हुए मुह मीठा कराया। और उनके निवास स्थान हथवास में मढई मैदान पानी की टंकी के पास तक पहुंचाया। एक आम परिवार में जन्म लेकर अपनी मेहनत से महापुरुषों के सपने डा. विकास ने साकार किया। अपनी सफलता का राज बाबा साहब अम्बेडकर जी के संघर्ष को बताया । धम्म विचार संगोष्ठी पिपरिया उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है संगोष्ठी के प्रमुख श्री सी. एल. बौद्ध एवं उनके सभी साथियों ने मिलकर डा. विकास का स्वागत किया।



## प्रकृति को हरा -भरा बनाने हेतु शिक्षक द्वारा लगाये पौधे बने वृक्ष



**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्या**

सुल्तानपुर। स्कूल शिक्षा विभाग की योजना अनुसार मिशन अंकुर सांस नयी आस नयी के तहत शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा अपने घर के बगीचे में अलग अलग प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए थे जो अब वृक्ष बनते दिखाई देने लगे है ।शिक्षक द्वारा बताया गया है कि प्रकृति के संरक्षण एवं प्राणवायु के लिए अपने घर के बाहर जामुन, आम,नीबू, अमरूद, चीकू, पारिजात,कनेर ,वील जैसे प्रजातियों के पौधे लगाए गए थे जो अब वृक्ष बन गए है । पेड़ पौधों का संरक्षण कर पर्यावरण को दूषित होने से बचाना है ।एवं प्रकृति के वातावरण को शुद्ध रखना है ।जिससे हमें शुद्ध वायु मिल सके।

## स्मृति ईरानी का राहुल गांधी-रॉबर्ट वाड्रा पर निशाना

**इंदौर।** केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी अमेठी के अंदर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलने का एक भी मौका नहीं छोड़ती हैं। इस बार उन्होंने राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा चाहते हैं कि वह अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ें। जीजा जी की नजर (अमेठी सीट) है, साले साहब क्या करेंगे। स्मृति ईरानी ने कहा कि जीजा जी ने अपनी नजरें अमेठी की ओर मोड़ ली हैं। एक समय था, जब बस में सफर करने के लिए लोग अपनी सीट पर रूमाल रख दिया करते थे, जिससे दूसरे लोग उस पर न बैठ पाएं। राहुल गांधी अमेठी पर रूमाल रखने के लिए कुछ दिन बाद आएंगे, क्यों कि उनके जीजा की नजरें इस सीट पर पड़ गई हैं।



**15 साल तक अमेठी रही कांग्रेस का गढ़:** 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने बड़ा उलफेर करते हुए राहुल गांधी को हरा दिया था। 15 साल तक कांग्रेस का गढ़ रही अमेठी से किसी गांधी परिवार के सदस्य को हार का मुंह देखना पड़ा था। अमेठी में 20 मई को वोट डाले जाएंगे।

**राहुल गांधी ने 15 साल में नहीं किया अमेठी का विकास:** स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस का आप घमंड देखिए कि अमेठी में 27 दिन बाद चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस की तरफ से कोई उम्मीदवार सामने नहीं आया है। मैंने अमेठी में 5 साल में जितने विकास के काम किए, उतने राहुल गांधी 15 साल में नहीं कर पाए।

## देखकर मणिपुर का मंजर। चल रहा मानवता पर खंजर।

**मणिपुर का मंजर**

हैवानियत की सीमा को
क्यो पार कर रहे हैं।
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हैं ।

1

निष्प्राण मुर्तियों को तुम ही
देवी मानकर पुजते है।
सजीव नारी चेतन मय को
जिंदा आग में भुंजते हो ,
बहिन कहा था कभी ,उसी का
बलात्कार कर रहे हो ?
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हो ।

2

अपनी मुंछो का रौब दिखाते
मर्द बने विचारते हो,
कायर हो दस-दस मिलकर
नारी का मान हरते हो ,
खुद की जननी अपनी मां का
अपमान कर रहे हो
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हो ।

3

नामर्दों शैतानों सुन लो
ये सभ्य समाज की पहचान नहीं
विश्व गुरु इस भारत भारत देश की
ये फितरत ये विधान नहीं
देशद्रोही, आतंकी हो तुम
दिल पर वार कर रहे हो ।
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हो ।

4

देख तुम्हारे कृत्य भयावह
दुनिया तुम पर थूक रही है।
बहती थी जहां प्रेम की धारा
वो नदियां सब सूख रही है।
नाज कभी था अब खत्म वही
संस्कार कर रहे हो ।
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हो ।
हैवानियत की सीमा को
क्यो पार कर रहे हैं।

5

संभलो -सुधरो मेरे भाइयों
अन्यायो से दूर रहो।
त्यागकर दुष्कर्मो को सत्कर्मों
मे सब चुर रहो।
वैश्विक अहिंसा की सोच का
इंतजार कर रहे हैं।
अब ना होगी कोई भी हिंसा
ये इकरार कर रहे हैं।
अब ना होगी कोई भी हिंसा
ये इकरार कर रहे हैं।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**


# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया विश्व कॉपीराइट दिवस





**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। महाविद्यालय में दिनांक 23 अप्रैल 2024 को विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम मां सरस्वती जी के समक्ष दीप-प्रज्वलित व माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया । इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता महाविद्यालय के ग्रंथपाल श्री सत्येन्द्र कुमार आठिया ने पुस्तकों का मानव जीवन में क्या महत्व है व पुस्तक किस प्रकार भूतकाल से लेकर वर्तमान एवं वर्तमान से लेकर आने वाले भविष्य काल की पीढियो के मध्य अपनी भूमिका का निर्वहन करती है एवं उन्होंने कॉपीराइट के संबंध में विस्तृत जानकारियां प्रदान की । इसके उपरांत महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी श्री पंकज आर्य द्वारा पुस्तक क्यों आवश्यक है, उनके माध्यम से किस प्रकार ज्ञान का अर्जन किया जाता है के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किये। श्री प्रतीक लोधी द्वारा पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान के माध्यम से एक सफल व्यक्तित्व का निर्माण कैसे होता है एवं कॉपीराइट अधिनियम के संबंध में र्चा की । इस कार्यक्रम के मंच संचालनकर्ता श्री ओ.पी. वर्मा द्वारा इस दिवस की महत्वता व विश्व के संदर्भ में कॉपीराइट क्यों आवश्यक है ? किस प्रकार एक व्यक्ति अपने लेख,पुस्तक, पेंटिंग इत्यादि को कॉपीराइट के माध्यम से पंजीकृत कर सकता है इत्यादि के संबंध में जानकारियां सभी के समक्ष रखी । महाविद्यालय के इस कार्यक्रम में श्री श्याम सुंदर प्रजापति, काशीराम चौधरी,संदीप कुमार भारके, संदीप साहू के साथ-साथ महाविद्यालय का अन्य स्टॉप व अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।



# गर्मियों में घूमने जाएं नेशनल पार्क

अगर आपको प्रकृति से प्यार है और जंगलों में जानवरों के अलावा हरे-भरे नजारे देखना चाहते हैं। तो आप भी आप भी भारत के प्रसिद्ध जंगलों को घूमने जा सकते हैं। आइए जानते हैं देश के फेमस जंगलों और इनकी खासियत के बारे में।

## जिम कॉर्बेट पार्क

अगर आप उत्तराखंड के आसपास किसी नेशनल पार्क की तलाश कर रहे हैं तो आपको जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क जाना चाहिए। यहां पर आप सफारी का आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा यहां रहने के लिए कई रेजार्ट भी मौजूद है ऐसे में छोटी यात्रा के लिए इससे बेस्ट जगह कोई नहीं हो सकती हैं। आपको यहां जरूर जाना चाहिए। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क सालों भर खुला रहता है।

"गर्मियों की शुरुआत काफी जल्दी हो चुकी है। ऐसे में अगर आप भी गर्मी की शुरुआत में ही घूमने का प्लान बना रही हैं तो आपको देश में मौजूद कुछ खूबसूरत नेशनल पार्क जरूर जाना चाहिए। यहां आपको घूमने के कई विकल्प मिलने वाले हैं।"

## सुंदरवन का जंगल

पश्चिम बंगाल में सुंदरवन का जंगल स्थित है। इसको भारत के सबसे बड़े और खतरनाक जंगल के रूप में जाना जाता है। भारत और बांग्लादेश दोनों में ही यह जंगल पड़ता है। गंगा नदी के डेल्टा पर यह जंगल स्थित है। आपको बता दें कि यह जंगल रॉयल बंगाल टाइगर के लिए जाना जाता है। यहां के खारे पानी में बहुत सारे मगरमच्छ हैं। इसी स्थान पर भारत की पवित्र नदियां गंगा, पद्मा, ब्रह्मपुत्र और मेघना आदि समुद्र में मिलती हैं।



## कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

आपको बता दें कि मध्य प्रदेश अपने जंगलों और राष्ट्रीय पार्क के लिए फेमस है। एमपी में एक ऐसा ही फेमस नेशनल पार्क है। जिसका नाम कान्हा राष्ट्रीय उद्यान है। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान को साल 1955 में नेशनल पार्क का दर्जा मिला था। इस पार्क में आपको विलुप्त हो चुकी बारहसिंघा की प्रजातियां देखने को मिल जाएंगी। यह नेशनल पार्क जबलपुर से 175 किमी दूर स्थित है।

## रणथंबोर नेशनल पार्क

रणथंबोर नेशनल पार्क रावली और विंध्य की पहाड़ियों में फैला है। इस नेशनल पार्क में चीते, सांभर, बाघ, जंगली सूअर, चिंकारा, हिरण और तेंदुए की तमाम प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके अलावा आप यहां पर पक्षियों की करीब 264 प्रजातियां देख सकते हैं। वहीं रणथंबोर नेशनल पार्क में जीप सफारी का लुत्फ उठाने के लिए अक्टूबर से लेकर जून तक के बीच जाना चाहिए।

## ताडोबा राष्ट्रीय उद्यान

तडोबा राष्ट्रीय उद्यान 30 जून से 15 अक्टूबर तक बंद रहेगा। हालांकि, यहां का बफर जोन पूरे साल खुले रहते हैं। यदि आप पक्षी देखने में रुचि रखते हैं, तो ताडोबा जंगल सफारी करते हुए कुछ दिलचस्प निवासी प्रजातियों को देखने के लिए अच्छी जगह हैं।





## काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

यह राष्ट्रीय उद्यान विश्व में एक सींग वाले गैंडे के लिए काफी फेमस है। यह असम का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान है। असम में स्थित इस नेशनल पार्क में सेंट्रल कोहोरा रेंज है। यहां पर आप मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी और जीप सफारी का आनंद ले सकते हैं। राष्ट्रीय उद्यान की घोषणा के बाद, काजीरंगा को अपने अद्वितीय प्राकृतिक वातावरण के लिए जल्द ही वर्ष 1985 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित कर दिया गया। इतनी तेजी से विस्तार के बाद, पार्क ने वर्ष 2005 में अपने 100 साल पूरे होने का जश्न धूमधाम से मनाया, जिसमें लॉर्ड और लेडी कर्जन के वंशजों को समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था। आज, काजीरंगा एक विश्व धरोहर स्थल है और संभवतः दक्षिणी एशिया के सबसे समृद्ध, सबसे सुरम्य वन्यजीव आवासों में से एक है।

# मलेशियाई सेना के दो हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दस की मौत



कुआलालंपुर, एजेंसी

मलेशिया के पेराक प्रांत में मंगलवार सुबह सेना के दो हेलिकॉप्टरों की रिहर्सल के दौरान टक्कर से 10 लोगों की मौत हो गयी। रॉयल मलेशियाई नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हेलिकॉप्टर स्थानीय समयानुसार 09.32 बजे लुमुट रॉयल मलेशियाई नौसेना बेस पर फ्लाईपास्ट रिहर्सल के दौरान टकरा गये। एक हेलिकॉप्टर में सात और दूसरे में तीन लोग सवार थे।

बयान के मुताबिक दोनों हेलिकॉप्टरों में सवार सभी लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

## चीन के शेन्ज़ेन में बारिश का रेड अलर्ट

**बीजिंग,एजेंसी।** चीन के दक्षिणी प्रान्त शेन्ज़ेनकई जिलों में मंगलवार को भारी बारिश होने के कारण रेड अलर्ट जारी किया गया। शेन्ज़ेन नगर पालिका के मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार आज सुबह लुओहू, नानशान, फुतियान, बाओआन, गुआंगमिंग, लोंगहुआ और लोंगगांग जिलों के शहरों में बारिश हुई।

भारी बारिश और जलभराव, बाढ़, भूस्खलन और जमीन धंसने के प्रति लोगों को सावधानी बरतने और बाढ़-प्रवण क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गयी है।भारी बारिश के कारण आये तूफान के कारण शेन्ज़ेन बाओान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों पर असर पड़ा है।

# किम जोंग ने कृत्रिम परमाणु जवाबी हमला अभ्यास का किया निरीक्षण

**रिपोर्ट**

- **सुपर-लार्ज मल्टीपल रॉकेट लॉन्चरों ने भारी गोलीबारी की तथा कृत्रिम परमाणु हथियारों से युक्त प्रोजेक्टाइल ने 352 किमी की सीमा के अंदर द्वीप के लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा।**



प्योंगयांग

डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने सोमवार को एक कृत्रिम परमाणु जवाबी हमला अभ्यास का निरीक्षण किया।

कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार, सुपर-लार्ज मल्टीपल रॉकेट लॉन्चरों ने भारी गोलीबारी की तथा कृत्रिम परमाणु हथियारों से युक्त प्रोजेक्टाइल ने 352 किमी की सीमा के अंदर द्वीप के लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा।

रिपोर्ट में कहा गया कि यह अभ्यास विशेष रूप से डीपीआरके के परमाणु बल की विश्वसनीयता, श्रेष्ठता, शक्ति और विविध साधनों का प्रदर्शन करने और गुणवत्ता एवं मात्रा दोनों में परमाणु बल को मजबूत करने के लिए किया गया था।

उत्तरी कोरियाई नेता ने प्रतिरोधक और युद्ध लड़ने की रणनीति में देश के परमाणु बल की महत्वपूर्ण भूमिका को लगातार बढ़ाने और परमाणु बल की नियमित युद्ध तत्परता को पूरा करने के लिए लगातार रणनीति एवं संचालन की आवश्यकता पर बल दिया है।

किम जोंग उन ने युद्धाभ्यास की सराहना करते हुए इसे देश के परमाणु बल को पूरी तरह से तैयार करने में एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में प्रशंसा की, जिससे देश किसी भी समय और किसी भी अकस्मात स्थिति में युद्ध रोकने और युद्ध में पहल करने के अपने महत्वपूर्ण अभियान को तेजी से और सही तरीके से पूरा करने में सक्षम बन सके।

## उ. इथियोपिया में संघर्ष के कारण 50,000 से ज्यादा हुए विस्थापितः संरा



**नैरोबी,एजेंसी।** उत्तरी इथियोपिया में सशस्त्र संघर्ष के कारण विस्थापित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 50,000 से ज्यादा हो गई है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। विस्थापित लोगों में कोबो, उत्तरी वेलो के 42,000 और सेकोटा, वाग हमरा क्षेत्रों के 8,300 लोग शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इथियोपिया में मानवीय स्थिति गंभीर है तथा हजारों महिलाओं और बच्चों को जीवित रहने के लिए व्यापक मानवीय समर्थन की आवश्यकता है।

## पाकिस्तान, ईरान ने आतंकवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया

इस्लामाबाद,एजेंसी

पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान और ईरान ने सोमवार को सैद्धांतिक रूप से अपने-अपने देशों में आतंकवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। मंत्रालय ने देर रात जारी एक बयान में कहा कि यह निर्णय पाकिस्तानी आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी के साथ उनके ईरानी समकक्ष अहमद वाहिदी और ईरान के न्याय मंत्री अमीन-होसैन रहीमी के बीच एक बैठक में लिया गया। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष आपसी समर्थन में सुधार लाने और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ आतंकवादी खतरे से निपटने के लिए एक संयुक्त कार्य योजना पर सहमत हुए।



बयान में कहा गया कि इस संबंध में जल्द से जल्द एक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने का निर्णय लिया गया। बयान के अनुसार, दोनों पक्ष एक-दूसरे के देश में कैद अपने नागरिकों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने पर भी सहमत हुए। बयान के अनुसार, दोनों देशों ने सीमा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला किया जिसमें तस्करी और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए कदम उठाना शामिल है। दोनों ईरानी मंत्री, राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के नेतृत्व वाले एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, जो 22 से 24 अप्रैल तक पाकिस्तान की यात्रा पर हैं।

# इजरायली खुफिया प्रमुख ने इस्तीफा दिया

यरुशलम,एजेंसी



इज़राइली सैन्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख अहरोन हलीवा ने पिछले साल सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास के हमले को रोकने में विफल रहने के कारण सोमवार को पद से इस्तीफे दे दिया। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी।

आईडीएफ ने एक्स पर कहा, "जनरल स्टाफ के प्रमुख हेर्जी हलेवी के समन्वय में, खुफिया निदेशालय के प्रमुख एमजी अहरोन हलीवा ने आज इस्तीफा दे दिया है। वे खुफिया निदेशालय के प्रमुख के रूप में सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा इजरायल पर हुये हमले को रोकने में विफल रहे थे।" सैन्य खुफिया प्रमुख हलीवा हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजरायली अधिकारी हैं।

गौरतलब है कि सात अप्रैल को मिस्र की राजधानी काहिरा में इजरायल-हमास वार्ता का एक नया दौर शुरू हुआ। वार्ता में युद्धविराम प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों द्वारा अपनाई गई तीन-चरणबद्ध योजना के प्रथम चरण में 900 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 40 इजरायली बंधकों की रिहाई का प्रावधान किया गया था। हमास ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि वह क्षेत्र में संघर्ष को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए अपनी योजना पेश करेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। हमास के इस हमले में लगभग 1,200 इजरायल के नागरिक मारे गए और हमास लड़ाकों ने करीब 240 लोगों का बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। इजरायल ने हमास लड़ाकों का खात्मा करने और बंधकों को सुरक्षित बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 34 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

# चीन के गुआंग्डोंग में जहाज के पुल से टकराने के बाद चार लापता

गुआंग्डोंग,एजेंसी



दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के फ़ोशान शहर में सोमवार रात एक जहाज के पुल से टकराने के बाद चार लोग लापता हो गए। यह जानकारी शहर के आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने दी।

जहाज पर चालक दल के 11 सदस्य थे, जो जिउजियांग ब्रिज के एक घाट से टकरा गया और बाद में डूब गया। विभाग के अनुसार, उनमें से सात लोगों को बचा लिया गया जबकि चार लापता हैं।

मंगलवार सुबह 6:00 बजे तक, लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए 300 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और समुद्री बचाव दल भेजे जा चुके हैं। दुर्घटना के कारण की जांच चल रही है। विशेषज्ञों ने पुल का प्रारंभिक मूल्यांकन किया और पाया कि मुख्य संरचना को कोई स्पष्ट नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि, पुल के घाट पर खरोंच थे, पुल की सुरक्षा के लिए मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। फिलहाल आसपास के जलक्षेत्रों में यातायात नियंत्रण लागू कर दिया गया है।

# मैक्रों ने गाजा संघर्ष विराम को तत्काल स्थायी रूप देने पर दिया बल

पेरिस,एजेंसी



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत की और गाजा में तत्काल और स्थायी युद्धविराम के लिए अपना आह्वान दोहराया।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि 13-14 अप्रैल की रात ईरान द्वारा इजराइल के खिलाफ शुरू किए गए हमले के बाद मैक्रों ने इजरायली लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त किया।

मैक्रों ने दक्षिणी गाजा के राफा में इजरायली हमले के प्रति अपना दृढ़ विरोध प्रदर्शित किया, जो गाजा में पहले से ही विनाशकारी स्थिति को और खराब कर देगा और इसे तनाव बढ़ने का खतरा बढ़ जाएगा।

उन्होंने गाजा पट्टी में सभी पहुंच मार्गों के माध्यम से मानवीय सहायता की पहुंच बड़े पैमाने पर करने की गारंटी देने की पूर्ण तात्कालिकता की भी बात की तथा सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की फ्रांस की प्राथमिकता पर बल दिया।

मैक्रों ने दोहराया कि मध्य पूर्व में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने उसी दिन मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा करने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से भी फोन पर बातचीत की।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के मोरहाउस कॉलेज संबोधन कार्यक्रम का विरोध

**वाशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की मोरहाउस कॉलेज में संबोधन कार्यक्रम को कुछ संकाय सदस्य विरोध कर रहे हैं। एनबीसी न्यूज ने बताया कि कॉलेज के प्रशासन को संबंधित संकाय सदस्यों से योजना के बारे में जानकारी मिली, जैसा कि संकाय को भेजे गए ईमेल में कहा गया है। कॉलेज इस मामले पर चर्चा के लिए 25 अप्रैल को एक वर्चुअल बैठक आयोजित करेगा। रिपोर्ट में एक संकाय सदस्य के हवाले से बताया गया कि प्रशासक चिंतित हैं कि बाइडेन के भाषण का विरोध करने में विद्यार्थियों के साथ शामिल हो जाएंगे। फिर भी, प्रशासन बाइडेन को स्वीकृत निमंत्रण को रद्द नहीं करेंगे। यह कार्यक्रम अमेरिका के कॉलेज परिसरों में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों के साथ-साथ फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों के बीच हो रहा है।

# अंतराष्ट्रीय रेसलर रिंकू सिंह ने WWE को कहा अलविदा

**गुडबॉय**

- **बोले- 'भारत के सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं'**

नई दिल्ली । राष्ट्र सर्वोपरि

अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अन्तर्राष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है।

डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में बड़े-बड़े विदेशी रेसलरों के छक्के छुड़ाने वाले जिले के गोपीगंज क्षेत्र के होलपुर निवासी रिंकू सिंह राजपूत 'वीर महान' का जलवा अब नहीं दिखेगा। अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अन्तर्राष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसके पीछे के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पा रहा है।



माथे पर त्रिपुंड, गले में रूद्राक्ष की माला और विशिष्ट भारतीय वेशभूषा और लंबे-चौड़े डीलडौल शरीर वाले वीर महान जब डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते थे तो विदेशी रेसलरों के पसीने छुट जाते थे। भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के एक छोटे से गांव होलपुर से निकलकर अंतराष्ट्रीय फलक पर छाने वाले रिंकू सिंह राजपूत के पिता ट्रक ड्राईवर थे। शुरू से ही जिद्दी और लक्ष्य के प्रति अडिग रहने वाले रिंकू ने पहले जैवेलिन थ्रोअर के रूप में शुरूआत की।

**रिंकू ने ट्वीट कर दी जानकारी**

बाद में उन्होंने बेसबॉल में नाम कमाया और फिर डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते ही देश-दुनिया में छा गए। रिंग में इन्हें वीर महान के नाम से जाना जाता था। अपने पिता के बेहद करीब रिंकू सिंह राजपूत बीते साल अप्रैल माह में भदोही जिले में आए थे। उन्होंने लिखा...'बात जब भारतवासियों के मान-सम्मान पे आ जाए तो त्याग सबसे पहले। गुड बॉय डब्ल्यूडब्ल्यूई...'। रिंक सिंह राजपूत को के इस फैसले को लेकर जब उनके परिवार से बात करने का प्रयास किया जाए तो परिजनों ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। उनके छोटे भाई राजन सिंह ने कि ये उनका फैसला है। इसके बारे में वहीं बता सकते हैं।

**पिता को प्रतिदिन फोन पर देते हैं समय :** रिंकू सिंह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व भगवान शिव के भक्त और मां भगवती के उपासक हैं। रिंकू सिंह के बड़े भाई राजन सिंह बताते हैं कि वे मां के काफी करीब रहे हैं। अब भी सात समुंदर पार होने और इतना व्यस्त होने के बावजूद प्रतिदिन बाबूजी (पिता) को सुबह या शाम में जरूर समय देते हैं। फोन पर व्हाट्सएप कॉलिंग से ही बात होती है।

**शुद्ध शाकाहारी हैं वीर महान**

बताते हैं कि बीते वर्ष सर्दी के मौसम में घर आए थे। राजन सिंह बताते हैं कि रिंकू जहां रहते हैं अपनी पूजन की सामग्री साथ रखते हैं। प्रतिदिन समय के अनुसार पूजा करना, चंदन लगाना उनकी दिनचर्या है। भक्ति की वजह से ही उन्होंने अपनी भुजा पर राम और सीने पर मां लिखवाया है। वह शुद्ध शाकाहारी हैं।

**रिंकू सिंह राजपूत का परिवार**

भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र में स्थित होलपुर गांव निवासी ब्रह्मदीन सिंह ट्रक ड्राइवर थे। उससे ही परिवार का खर्च चलता था। रिंकू की मां अन्तराजा सिंह का पांच नवंबर 2018 को निधन हो चुका है। ब्रह्मदीन बताते हैं कि उनकी कुल सात संतानें हैं। इसमें चार पुत्र रत्नेश सिंह उर्फ गोपाल बीएसएफ में, राजकुमार सिंह सेना में, राजन सिंह रेलवे में और रिंकू सिंह रेसलर हैं। तीन पुत्रियां कुसुम सिंह, सुसुम सिंह व रुसुम सिंह हैं। तीनों की शादी हो चुकी है। रिंकू का जन्म आठ अगस्त 1988 को हुआ। उनके पिता बताते हैं कि रिंकू की मां भगवती की भक्त थीं। वह विंध्याचल दर्शन करने गईं थी, वहीं पर रिंकू का जन्म हुआ था।

**रिंकू का कैसा रहा जीवन, किस तरह से बढ़े आगे**

रिंकू के पिता बताते हैं कि वह बचपन से ही खेल में रुचि रखते थे। भाई राजन के मुताबिक, आठवीं तक की पढ़ाई करने के बाद भाला फेंकने का ट्रायल दिया। उसमें सफल होने पर गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ गए। वहां से खेलते रहे और जूनियर नेशनल में गोल्ड मेडल भी जीते। 2008 में द मिलियन डॉलर आर्म नाम के रियलटी टीवी शो में हिस्सा लिया।

# LPU के छात्र को IT की दिग्गज कंपनी में 3 करोड़ का ऑफर

**रिकॉर्ड तोड़ा**

- **1100 से अधिक को 10 लाख और उससे ज्यादा का पैकेज**

नई दिल्ली । राष्ट्र सर्वोपरि

LPU: लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। यहां के कई छात्रों को 10 लाख और उससे अधिक का पैकेज मिलने वाला है।

LPU: लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसके 2023 बैच ने अपने क्लास में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की, जिसमें कई छात्रों ने बेहतरीन वेतन पैकेज हासिल किए, विशेष रूप से 2018 क्लास के LPU छात्र यासिर एम ने आईटी कंपनी में 3 करोड़ रुपये का पैकेज हासिल करके इतिहास रचा है। एक अन्य छात्र पवन कुंचला को भी आईटी कंपनी टीसी सेंट्रल से 1 करोड़ रुपये का पैकेज मिला है।

**LPU में यासिर एम का अनुभव जानने के लिए क्लिक करें** : इसके अलावा, 2022-2023 बैच के 1100 से अधिक छात्रों को 10 लाख और उससे अधिक का पैकेज मिला है। LPU के छात्रों का शानदार प्रदर्शन यह दिखाता है कि उन्होंने अपनी मेहनत से सीमित सीमाओं को पार किया है। बीटेक कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के छात्र यशस्वी यदुवंशी को हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा 52.08 लाख रुपये के शानदार पैकेज के साथ चुना गया है। इसके अलावा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने 54.9 लाख रुपये की उच्चतम सीटीसी हासिल की। जबकि आर्किटेक्चर और एमबीए के छात्रों को क्रमशः 31.69 और 29.3 लाख रुपये तक का पैकेज मिला है।



2023-24 के इस बार के LPU बैच ने प्लेसमेंट सीजन में जबरदस्त सफलता दर्ज की है, जिसमें टॉप 10% छात्रों को 12.3 लाख रुपये का शानदार औसत पैकेज मिला है। ये संख्या कई टॉप IITs के औसत से अधिक है और इससे टैलेंट डेवलपमेंट में अग्रणी संस्थान के रूप में LPU की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इस तरह LPU का शैक्षणिक माहौल और छात्रों के विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता छात्र को जॉब प्राप्त करने में मदद करती है। 2023-24 के इस बार के LPU बैच ने प्लेसमेंट सीजन में जबरदस्त सफलता दर्ज की है, जिसमें टॉप 10% छात्रों को 12.3 लाख रुपये का शानदार औसत पैकेज मिला है। ये संख्या कई टॉप IITs के औसत से अधिक है और इससे टैलेंट डेवलपमेंट में अग्रणी संस्थान के रूप में LPU की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इस तरह LPU का शैक्षणिक माहौल और छात्रों के विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता छात्र को जॉब प्राप्त करने में मदद करती है। LPU के चांसलर और संसद सदस्य (राज्यसभा) डॉ. अशोक मित्तल ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी है। वह अपने छात्रों के बीच इंटेलेक्चुअल और इंटरपर्सनल ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए LPU की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं।

## विश्व क्वालिफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा कुश्ती संघ

नई दिल्ली । अभी भी 14 श्रेणियां बची हैं और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफायर में जीतना एशियाई क्वालिफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा।

एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालिफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है। बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल हैं। अभी भी 14 श्रेणियां बची हैं और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफायर में जीतना एशियाई क्वालिफायर की तुलना में कठिन होगा।

**क्वालिफायर** | **हासिल नहीं कर सके ओलंपिक कोटा**

# भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

बिश्केक । राष्ट्र सर्वोपरि

भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने पिछली बार ओलंपिक में 2016 में हिस्सा लिया था जब रविंदर खत्री और हरदीप सिंह रियो ओलंपिक में खेले थे। अब कोटा हासिल करने का अंतिम मौका नौ मई को तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफायर में मिलेगा।

भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका।

सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए।




सुनील ने क्वार्टर फाइनल में दो बार खुद को उठाए जाने से बचाया। बल्कि कुछ समय के लिए वह मुकाबले में आगे भी चल रहे थे। लेकिन दो बार उन्हें प्रदान किए गए अंकों को वापस ले लिया गया क्योंकि उज्बेकिस्तान के शिविर ने रैफरी के फैसले को चुनौती दी और अंत में सुनील को बर्डीमुरातोव से हार मिली। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। वह उज्बेकिस्तान के अबरोर अताबाएव से क्वालीफिकेशन मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए। भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने पिछली बार ओलंपिक में 2016 में हिस्सा लिया था जब रविंदर खत्री और हरदीप सिंह रियो ओलंपिक में खेले थे। अब कोटा हासिल करने का अंतिम मौका नौ मई को तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफायर में मिलेगा।

## युजवेंद्र चहल के पास बड़ा मौका

नई दिल्ली । मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेला जाने वाला मैच राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के लिए काफी खास रहने वाला है। वह इस मैच में एक बड़ा रिकॉर्ड बना सकते हैं।

आईपीएल 2024 के 38वें मैच में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों टीमों के बीच ये मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के दौरान सभी की नजर राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल पर रहने वाली है। युजवेंद्र चहल इस मैच के दौरान आईपीएल का एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। वह आईपीएल में एक खास उपलब्धि तक पहुंचने के काफी करीब हैं। युजवेंद्र चहल आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज हैं। आईपीएल में अभी तक किसी भी गेंदबाज ने उनसे ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं। चहल आईपीएल में साल 2013 से खेल रहे हैं।

# 'भारत 7% की वृद्धि दर को बनाए रख सकता है'

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत अपनी वृद्धि दर में बढ़त बरकरार रख सकता है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिडे ने सोमवार को कहा कि अनुकूल मानसून, उच्च कृषि उत्पादकता और बेहतर वैश्विक व्यापार के दम पर चालू वित्त वर्ष और उसके बाद भी भारत के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रख पाना संभव है।

हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विनिर्माण और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से आर्थिक वृद्धि दर लगभग आठ प्रतिशत रहने की संभावना है। भिडे ने पीटीआई से बातचीत में कहा, "चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी मदद मिलेगी। ऐसे में सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना भारत के लिए संभव लगता है।"इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबी अवधि में खाद्य




मूल्य स्थिरता हासिल करने के लिए उत्पादकता में सुधार की जरूरत प्रमुख कारक बनी रहेगी। सजग करने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के बारे में पूछे जाने पर एमपीसी सदस्य ने कहा कि चिंता का एक क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तनाव का बढ़ना है। रूस-यूक्रेन के बीच जंग से पहले ही वैश्विक व्यापार पर दबाव था अब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से हालात और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक मांग में सुधार की गति धीमी है और आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान है। यदि मौजूदा भू-राजनीतिक संघर्षों को जल्द खत्म नहीं किया गया तो यह मांग के साथ लागत और कीमतों के मामले में भी बड़ी चुनौती पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि उत्पादन पर मौसम की घटनाओं के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए भी हमें तैयार रहना चाहिए हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने घरेलू मांग की स्थिति और बढ़ती कामकाजी उम्र की आबादी का हवाला देते हुए वर्ष 2024 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।

# 'क्रेडिट कार्ड आपात स्थिति में मददगार'

नई दिल्ली, एजेंसी

क्रेडिट कार्ड आपात स्थिति में वित्तीय रूप से काफी मददगार साबित होता है। यह एक टूल है, जो खर्च करने के तरीके को सुविधाजनक और फायदेमंद बनाता है। रिवॉर्ड पाइंट और कैशबैक समेत अन्य लाभ एवं सुविधाएं प्रदान करने के अलावा क्रेडिट कार्ड जरूरत पड़ने पर आपको आसानी से कर्ज भी दिला सकता है। क्रेडिट कार्ड पर कर्ज पर्सनल लोन की तरह होता है। इसमें बैंक क्रेडिट कार्डधारक को कार्ड की लिमिट के अनुसार कर्ज देते हैं। इसके लिए किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होती है, जिससे कर्ज लेने की प्रक्रिया सरल हो जाती है। कई बैंक न सिर्फ मौजूदा बल्कि नए ग्राहकों को भी क्रेडिट कार्ड पर कर्ज देते हैं। कर्ज राशि क्रेडिट कार्ड की बची लिमिट पर निर्भर करती है। हालांकि, यह अलग-अलग क्रेडिट कार्ड और ऋणदाताओं के हिसाब से भिन्न हो सकती है। बची लिमिट के अनुसार ही बैंक आपको कर्ज देते हैं। अगर आपके क्रेडिट कार्ड की कुल लिमिट एक लाख रुपये है और आपने उसमें से 30,000 रुपये का इस्तेमाल कर लिया है तो बाकी बची 70,000 रुपये की लिमिट पर ही कर्ज मिलेगा।




क्रेडिट कार्ड कर्ज पर ब्याज दर पर्सनल लोन जितनी होती है। अगर पर्सनल लोन पर ब्याज दर 13 फीसदी है तो बैंक इसी दर पर क्रेडिट कार्ड कर्ज देंगे। कई बार ऐसे कर्ज पर अधिक ब्याज भी लगता है। यह काफी हद तक बैंक के नियम और शर्तों पर निर्भर करता है। क्रेडिट कार्ड पर कर्ज लेने के लिए आपको प्रोसेसिंग शुल्क का भी भुगतान करना पड़ता है। यह शुल्क कर्ज राशि का 3 फीसदी तक हो सकता है। क्रेडिट कार्ड कर्ज को प्री-अप्रूव्ड लोन के रूप में पेश किया जाता है। कुछ बैंक आपकी भुगतान हिस्ट्री और खर्च करने की आदतों के आधार पर पात्रता का आकलन करते हैं। कर्ज की भुगतान अवधि आपके बैंक और क्रेडिट कार्ड के प्रकार पर निर्भर करती है। सामान्य तौर पर भुगतान अवधि 60 से 90 दिनों तक की होती है। क्रेडिट कार्ड पर कर्ज लेना चाहते हैं तो ध्यान रखें कि जिस लोन के लिए आपने आवेदन किया है, वह रकम कार्ड की क्रेडिट/निकासी सीमा से अधिक न हो।

**बयान** | **वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कर संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये का रहा**

# वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.70% बढ़ा

नयी दिल्ली,एजेंसी

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) केन्द्रीय बजट में किए गए अनुमान से 1.35 लाख करोड़ रुपये यानी 7.40 प्रतिशत अधिक रहा है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कर संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये का रहा, जोकि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 16.64 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध संग्रह की तुलना में 17.70 प्रतिशत अधिक है।

मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर राजस्व का बजटीय अनुमान (बीई) 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे संशोधित किया गया और संशोधित अनुमान (आरई) 19.45 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड का शुद्ध) बजटीय अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित




अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक हो गया है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) (रिफंड के समायोजन से पहले) 23.37 लाख करोड़ रुपये का रहा, जोकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह की तुलना में 18.48 प्रतिशत अधिक है।

इस दौरान सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम)11.32 लाख करोड़ रुपये का रहा, जो और पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये के सकल कॉरपोरेट कर संग्रह की तुलना में 13.06 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये का रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह की तुलना में 10.26 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी सहित) (अनंतिम) 12.01 लाख करोड़ रुपये का रहा और इसमें पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी सहित) की तुलना में 24.26 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी सहित) (अनंतिम) 10.44 लाख करोड़ रुपये का रहा और इसमें पिछले वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी सहित) की तुलना में 25.23 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड की तुलना में 22.74 प्रतिशत अधिक है।

# नेचुरल डायमंड काउंसिल की सीएसआर पहल

नयी दिल्ली, एजेंसी

बेहतर भविष्य के लिए नेचुरल डायमंड काउंसिल पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए उद्योग ऐसे कदम उठा रहा है, जिनसे सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़े।

प्रकृति द्वारा अरबों साल में बनाए गए प्राकृतिक हीरे दुर्लभता, अनूठेपन एवं पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी को लेकर प्रतिबद्धता की अनूठी कहानी कहते हैं। इस अर्थ डे पर हीरा निर्माताओं और नेचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) के इंडस्ट्री पार्टनर्स रोजी ब्लू, शिवम ज्वेल्स, ज्वेलेक्स, डाएंको और डायरफ ने अपने प्रयासों से प्रकृति पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को सामने रखा। उनकी पहल सामुदायिक विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच के साथ-साथ पशु कल्याण, अर्थव्यवस्था में योगदान और समाज से भी व्यापक रूप से जुड़ी हैं। वल्र्ड अर्थ डे के मौके पर हम इन अग्रणी कंपनियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों का उत्सव मना रहे हैं।

रोजी ब्लू ने 'रोजी ब्लू गोइंग ग्रीन' के नाम से बेहतरीन रणनीति तैयार की है, जिसमें ऊर्जा के प्रबंधन पर और कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर फोकस किया जाता है। कंपनी 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकने के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने की दिशा में काम कर रही है। शिवम ज्वेल्स ने कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन को 1,100 टन कम किया है, जो 12,876 पेड़ों को बचाने के बराबर है। यह प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाता है। ज्वेलेक्स की आभूषण इकाई 2021 से ही कार्बन न्यूट्रल है और 2024-25 तक पूरे ग्रुप को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य है। ज्वेलेक्स अपनी विंड मिल्स और रूफटॉप सोलर पैनल्स से बनी ऊर्जा का आंशिक रूप से प्रयोग करती है और जनवरी, 2023 से 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा का प्रयोग कर रही है।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गुलजार

**चौतरफा लिवाली**

- **एनएसई का निफ्टी 189.40 अंक अर्थात 0.86% उछलकर 22,336.40 अंक पर हुआ बंद**

मुंबई, एजेंसी

निवेशकों का फोकस इजराइल-ईरान तनाव से हटकर इस सप्ताह कंपनियों के जारी होने वाले परिणाम पर शिफ्ट होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 560.29 अंक अर्थात 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,648.62 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 189.40 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत उछलकर 22,336.40 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.93 प्रतिशत मजबूत होकर 40,374.85 अंक और स्मॉलकैप 1.26 प्रतिशत चढ़कर 46,008.20 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4057 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2620 में लिवाली जबकि 1284 में बिकवाली हुई वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियों में तेजी जबकि पांच में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई में यूटिलिटीज की 0.07 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.73, सीडी 1.02, ऊर्जा 0.68, एफएमसीजी 0.97, वित्तीय सेवाएं 1.04, हेल्थकेयर 1.05, इंडस्ट्रियल्स 1.93, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.17, ऑटो 0.93, बैंकिंग 0.93, कैपिटल गुड्स 1.65, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.53, धातु 0.25, तेल एवं गैस 0.94, पावर 0.36, रियल्टी 0.71, टेक 0.80 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.53 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.38, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 1.00, हांगकांग का हैंगसेंग 1.77 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.45 प्रतिशत उछल गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.67 प्रतिशत की गिरावट रही।शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 578 अंक की तेजी के साथ 73,666.51 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,227.32 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,767.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,088.33 अंक के मुकाबले 0.77 प्रतिशत उछलकर 73,648.62 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 190 अंक की मजबूती के साथ 22,336.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,198.15 अंक के निचले जबकि




22,375.65 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,147.00 अंक की तुलना में 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें एलटी 2.67, एक्सिस बैंक 2.38, बजाज फाइनेंस 2.36, अल्ट्रासिमको 2.09, विप्रो 2.01, एसबीआई 2.00, आईसीआईसीआई बैंक 1.93, एचसीएल टेक 1.56, इंफोसिस 1.48, टेक महिंद्रा 1.37, सन फार्मा 1.30, एशियन पेंट 1.27, टाटा मोटर्स 1.07, टीसीएस 0.99, टाइटन 0.98, भारती एयरटेल 0.86, पावरग्रिड 0.66, रिलायंस 0.65, मारुति 0.63, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.46, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.38 और आईटीसी 0.11 प्रतिशत शामिल है। वहीं, एनटीपीसी 2.24, एचडीएफसी बैंक 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.17, इंडसइंड बैंक 0.46 और टाटा स्टील के शेयर 0.15 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 578 अंक की तेजी के साथ 73,666.51 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,227.32 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,767.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,088.33 अंक के मुकाबले 0.77 प्रतिशत उछलकर 73,648.62 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 190 अंक की मजबूती के साथ 22,336.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,198.15 अंक के निचले जबकि 22,375.65 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,147.00 अंक की तुलना में 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें एलटी 2.67, एक्सिस बैंक 2.38, बजाज फाइनेंस 2.36, अल्ट्रासिमको 2.09, विप्रो 2.01, एसबीआई 2.00, आईसीआईसीआई बैंक 1.93, एचसीएल टेक 1.56, इंफोसिस 1.48, टेक महिंद्रा 1.37, सन फार्मा 1.30, एशियन पेंट 1.27, टाटा मोटर्स 1.07, टीसीएस 0.99, टाइटन 0.98, भारती एयरटेल 0.86, पावरग्रिड 0.66, रिलायंस 0.65, मारुति 0.63, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.46, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.38 और आईटीसी 0.11 प्रतिशत शामिल है। वहीं, एनटीपीसी 2.24, एचडीएफसी बैंक 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.17, इंडसइंड बैंक 0.46 और टाटा स्टील के शेयर 0.15 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)